तापमान

अधिकतम 32 डिग्री

न्यूनतम 20 डिग्री

हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 5 अक्टूबर 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 नेत्रहीन बच्चों की प्रतिभा देख भावुक हुए प्रभारी मंत्री नेताम





खबर संक्षेप

आत्मानंद स्कूल ग्राउंड में सेवा सेतु शिविर आज

मनेन्द्रगढ़। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 05 अक्टूबर को विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के आत्मानंद स्कूल ग्राउंड में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ एवं विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के माध्यम से किया जा रहा है सेवा सेतु शिविर में विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां ग्रामीणों एवं आम नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को आवश्यक सहायता एवं योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया की जाएगी।

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में गूंजा पोषण



मनेन्द्रगढ़। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्राम पंचायत डोमनापारा के आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण माह 2026 के तहत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को पोषण, स्वास्थ्य, मातृ-शिशु देखभाल एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़ी शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करना और समुदाय में जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ परियोजना मनेन्द्रगढ़ ग्रामीण की पर्यवेक्षक शिल्पा अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर महिलाओं, बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं, आंगनबाड़ी कार्यकतार्ओं, सहायिकाओं, स्वास्थ्य कार्यकतार्ओं तथा ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

आमाखेरवा में दिव्यांगजन मूल्यांकन शिविर

मनेन्द्रगढ़। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत 03 अक्टूबर 2026 को नेत्रहीन विद्यालय, आमाखेरवा में समाज कल्याण विभाग द्वारा एक दिवसीय विशेष दिव्यांगजन मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। यह विद्यालय समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदान प्राप्त है। शिविर का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग छात्र-छात्राओं को आधुनिक तकनीकी उपकरणों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सहायता प्रदान करना था। शिविर में एलिमको कानपुर तथा समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस दौरान विशेष रूप से दृष्टिबाधित (नेत्र बाधित) छात्र-छात्राओं का उनकी पात्रता के अनुसार गहन मूल्यांकन किया गया। पात्रता परीक्षण के उपरांत विद्यार्थियों के लिए विभिन्न आधुनिक उपकरणों हेतु पंजीकरण किया गया। इनमें ब्लाइंड टैब डिजिटल शिक्षा को सुलभ बनाने के लिए स्मार्टफोन, आधुनिक संवाद एवं पठन-पाठन के लिए तथा सेंसर्स और ब्रेल केन, सुरक्षित आवाजाही एवं स्वतंत्रता के लिए शामिल हैं।

3713 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा — **कोरिया के 37 केंद्रों में शांतिपूर्ण हुई परीक्षाएं, 5377 अभ्यर्थी थे पंजीकृत**

सेट परीक्षा: देर से केन्द्र पहुंचने वाले कई अभ्यर्थी रहे एग्जाम से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा (सेट-26) रविवार को कोरिया जिले में शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई। परीक्षा के लिए जिले में 37 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। दोनों पालियों में कुल 5377 अभ्यर्थी पंजीकृत रहे। पहली पाली में 3699 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 1678 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

वहीं दूसरी पाली में 3713 अभ्यर्थी उपस्थित हुए और 1664 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से 11:15 बजे तक तथा दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से 4:15 बजे



तक हुई। परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित समय से पहले ही अभ्यर्थियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। प्रवेश के दौरान अभ्यर्थियों की पहचान की जांच एवं फ्रिस्किंग की गई। वहीं निर्धारित समय के बाद परीक्षा केंद्र पहुंचने वाले कई अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं मिल सका और वे परीक्षा से वंचित रह गए। परीक्षा के लिए जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से कम से कम दो घंटे पहले केंद्र पर पहुंचने के निर्देश दिए गए थे। पहली पाली के लिए परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार सुबह 9:30 बजे तथा दूसरी पाली के लिए दोपहर 1:30 बजे बंद कर दिया गया। निर्धारित समय के बाद किसी भी परिस्थिति में प्रवेश नहीं दिया गया।

मूल पहचान पत्र लाना था अनिवार्य

अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र के सभी पृष्ठों का प्रिंट साथ लाना अनिवार्य किया गया था। इसके साथ ही परीक्षा केंद्र पर मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र प्रस्तुत करना जरूरी था। इसके लिए मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड अथवा आधार कार्ड में से कोई एक मूल पहचान पत्र मान्य किया गया। पहचान सत्यापन के बाद अभ्यर्थियों की सुरक्षा जांच की गई।

मोबाइल सहित कई वस्तुओं पर प्रतिबंध

परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन, संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी सहित अन्य प्रतिबंधित सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं थी। अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर आने के निर्देश दिए गए थे। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी एवं गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़ों पर भी प्रतिबंध लगाया गया था। फुटवियर में चप्पल पहनने तथा कान में किसी भी प्रकार के आभूषण पहनने की अनुमति नहीं थी।

धार्मिक पोशाक वालों की अतिरिक्त जांच

धार्मिक या सांस्कृतिक पोशाक में परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को सामान्य समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने के निर्देश दिए गए थे। ऐसे अभ्यर्थियों को अतिरिक्त सुरक्षा जांच के बाद ही परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी गई। परीक्षा के प्रथम आधे घंटे एवं अंतिम आधे घंटे में अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं थी। निदेर्शों का उल्लंघन अथवा अनुचित साधनों का प्रयोग करने वाले अभ्यर्थियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई किए जाने के निर्देश थे। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा से जुड़े अधिकारियों, केंद्र प्रभारियों एवं संबंधित विभागों को परीक्षा का शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। जिले के सभी परीक्षा केंद्रों में इसी व्यवस्था के तहत परीक्षा संपन्न कराई गई।

मुख्य आरोपी गिरफ्तार, दो साथी जंगल में भागे, फरार आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

लग्जरी वाहन से करते थे वारदात

हाइवे पर ट्रकों से डीजल चोरी करने वाला अंतरराज्यीय गिरोह पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर/ चरचा कॉलरी

हाइवे पर खड़े ट्रकों की टंकियों से डीजल चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का चरचा पुलिस और साइबर सेल ने पदार्फाश किया है। संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने गिरोह के मुख्य आरोपी को सफेद रंग की महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्सओ सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चार जरीकेन और करीब 10 लीटर डीजल बरामद किया गया है। पुलिस की कार्रवाई के दौरान कार में सवार दो अन्य आरोपी जंगल की आड़ लेकर फरार हो गए, जिनकी तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार थाना चरचा क्षेत्र में ट्रक से डीजल चोरी की घटना के बाद पुलिस अधीक्षक कोरिया हरीश राठौर के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह एवं उप पुलिस अधीक्षक मोहसीन खान के मार्गदर्शन में थाना चरचा और साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई थी। टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ संदिग्धों और वाहनों की जानकारी जुटाई तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। प्रार्थी सौरभ घोष



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

निवासी भैंसा दफाई, हल्दीबाड़ी चिरमिरी के ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनएन 7001 को चालक पवन बहादुर सोनी सतना से गेहूं लोड कर भुवनेश्वर ले जा रहा था। 24 सितंबर को ट्रक में 352 लीटर डीजल भरवाया गया था। 25 सितंबर को ग्राम नगर के पास ट्रक खराब होने पर उसे उर्मिला फ्यूल पेट्रोल पंप में खड़ा कर दिया गया था। क्लीनर दीपक को वाहन की निगरानी के लिए वहीं छोड़ा गया था। 25-26 सितंबर की दरमियानी रात अज्ञात आरोपियों ने ट्रक की टंकी से करीब 260 लीटर डीजल चोरी कर लिया। चोरी किए गए डीजल की कीमत करीब 26,520 रुपए बताई गई है। मामले में थाना चरचा में अपराध क्रमांक 147/2026, धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कालिका प्रसाद लोनी (42), पिता पूरन लाल लोनी, निवासी ग्राम सिलपुर, थाना कोतमा, जिला अनूपपुर, मध्यप्रदेश के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी दीपक लोनी और कामता लोनी के साथ एक्सयूवी कार से आकर उर्मिला फ्यूल पेट्रोल पंप के पास खड़े ट्रक से डीजल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी ने यह भी बताया कि चोरी का डीजल ग्राम जरीयारी, थाना जैतहरी निवासी मथुरा प्रजापति को बेचा गया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सफेद रंग की महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्सओ क्रमांक सीजी 15 ईके 6026,

एक्सयूवी में तीन लोग मिले

विवेचना के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि घटना वाली रात बिजुरी-कोतमा क्षेत्र के कुछ संदिग्ध लोग पेट्रोल पंप और मुख्य मार्ग के आसपास देखे गए थे। इसी बीच 2 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली कि संदिग्ध हुलिये की सफेद कार ग्राम नगर के पहाड़पारा में खड़ी है और उसमें तीन लोग सवार हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही कार में सवार दो व्यक्ति जंगल की ओर भाग गए। वहीं ड्राइविंग सीट पर बैठा व्यक्ति कार लेकर भागने का प्रयास कर रहा था। पुलिस टीम ने ग्रामीणों की मदद से घेराबंदी कर उसे मौके पर ही पकड़ लिया।

दुर्घटना में मृत महिलाओं के परिजन से मिले विधायक



बैकुण्ठपुर। जिले के पटना थाना क्षेत्र के ग्राम करजी के पास ऑटो और पिकअप की भीषण भिड़ंत में छिंदिया (करहीपारा) की चार महिलाओं की मौत की घटना पर विधायक भइयालाल राजवाड़े ने शोक व्यक्त किया है।

रविवार को उन्होंने पीड़ित परिजनों के गृहग्राम पहुंचकर उनसे मुलाकात की और अपनी गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए उन्हें ढांढस बंधाया। विधायक भईया लाल राजवाड़े ने कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार पीड़ति परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है और उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति तथा शोकाकुल परिवारों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इसके बाद विधायक भइया लाल राजवाड़े ने बैकुण्ठपुर जिला अस्पताल पहुंचकर दुर्घटना में घायल लोगों से मुलाकात की और उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों एवं चिकित्सा अधिकारियों से घायलों के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा सभी घायलों का समुचित एवं बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विधायक ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

तहसील-एसडीएम कार्यालय चेरवापारा ले जाने की मांग पर हो पुनर्विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बैकुंठपुर के एसडीएम एवं तहसील कार्यालय को ग्राम चेरवापारा में बनाए जाने की मांग को लेकर अधिवक्ता संघ द्वारा कलेक्टर को पत्र दिए जाने की जानकारी सामने आने के बाद इस विषय पर जिला व्यापार संघ कोरिया के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने चिंता जताई है।

उन्होंने कहा कि तहसील एवं एसडीएम कार्यालय आम नागरिकों से सीधे जुड़े महत्वपूर्ण प्रशासनिक कार्यालय हैं। ऐसे में इन्हें शहर से बाहर चेरवापारा में स्थापित करने से पहले बैकुंठपुर शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों की राय लेना आवश्यक है। संजय गुप्ता ने कहा कि बैकुंठपुर शहर पहले ही जिला विभाजन सहित कई महत्वपूर्ण संस्थानों और कार्यालयों के शहर से दूर जाने का खामियाजा भुगत रहा है। बाईपास सड़क, सभी न्यायालय, एसपी कार्यालय, नर्सिंग कॉलेज एवं मॉडल स्कूल जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों के शहर से बाहर जाने से शहर के विकास और भविष्य को लेकर नागरिकों में चिंता है। ऐसे समय में तहसील एवं एसडीएम कार्यालय को भी शहर से बाहर ले जाने की मांग पर व्यापक स्तर पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चेरवापारा को तहसील एवं एसडीएम कार्यालय के लिए उपयुक्त स्थान मानने से पहले यह भी देखना जरूरी है कि इससे बैकुंठपुर शहर के नागरिकों के साथ-साथ दूरस्थ ⏭शेष पेज 2 पर

> ■ बैकुंठपुर के हित, नागरिक सुविधा और भविष्य से जुड़ा विषय: संजय

जेल में बंद विचाराधीन बंदी की अस्पताल में मौत

अम्बिकापुर। केन्द्रीय जेल में निरुद्ध विचाराधीन बंदी की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। ग्राम बिशुनपुर खुर्द गोरसीडबरा निवासी गोपी यादव आ. नान्हू यादव (62 वर्ष) 30 अक्टूबर 2025 की सुबह 8.30 बजे पत्नी के साथ किसी बात को लेकर लड़ाई कर रहा था। इसी दौरान बीच बचाव करने आई भाभी सोनमतिया के सिर पर टांगी से जानलेवा हमला कर दिया। घटना की जानकारी लगने पर सोनमतिया के पुत्र मुनेश्वर यादव आ. तीरथ यादव ने गंभीर रूप से घायल मां को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराने के पश्चात घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। बताया जा रहा है घटना के बाद कुछ दिन बाद घायल महिला की अस्पताल में मौत हो गई थी। पुलिस ने आरोपी को 31 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया तब से आरोपी केंद्रीय जेल में निरूद्ध था। इसी बीच विचाराधीन बंदी की तबीयत खराब होने पर जेल चिकित्सक की सलाह पर बंदी को 19 सितंबर को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात विचाराधीन बंदी की मौत हो गई।

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

आगामी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में शनिवार को कोयलांचल क्षेत्र चरचा कॉलरी स्थित साकेत सदन में कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

> ■ प्रदेश पर्यवेक्षक पहुंचे चरचा

बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक प्रशांत मिश्रा का प्रथम बार चरचा आगमन हुआ। उनके साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, चुनाव प्रभारी योगेश शुक्ला, बैकुंठपुर प्रभारी वेदांती तिवारी, संगठन प्रभारी अशोक जायसवाल सहित कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पर्यवेक्षक प्रशांत मिश्रा सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के चरचा पहुंचने पर कोरिया



नीर के पास कांग्रेस नेता अंशु अजीत लकड़ा के नेतृत्व में समर्थकों ने आतिशबाजी कर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद साकेत सदन पहुंचने पर कांग्रेस परिवार चरचा के सदस्यों द्वारा सभी अतिथियों का बारी-बारी से पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। स्वागत कार्यक्रम के पश्चात साकेत सदन में आगामी नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में संगठन को बूथ एवं वार्ड स्तर तक मजबूत करने, अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस से जोड़ने तथा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओ की जिम्मेदारियां तय करने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए चुनाव प्रभारी योगेश शुक्ला, जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता एवं प्रदेश पर्यवेक्षक प्रशांत मिश्रा ने कार्यकतार्ओं से आपसी समन्वय के साथ चुनाव की तैयारियों में जुटने की बात कही। नेताओं ने कहा कि चुनाव में संगठन की भूमिका महत्वपूर्ण है और सभी कार्यकतार्ओं को एकजुट होकर संगठन की रीति-नीति के अनुरूप कार्य करना चाहिए।बैठक में बाहर से पहुंचे कांग्रेस पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नेताओं को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि संगठन से बढ़कर कुछ नहीं है और प्रत्येक कार्यकर्ता को पार्टी की विचारधारा एवं संगठन की नीतियों के अनुरूप जिम्मेदारी के साथ काम करना चाहिए। बैठक में कर्मठ एवं सक्रिय कार्यकर्ताओ को प्राथमिकता दिए जाने का भी आश्वासन दिया गया। कार्यकतार्ओं से अपने-अपने वार्डों में अधिक से अधिक लोगों से संपर्क स्थापित करने ⏭शेष पेज 2 पर

मंत्री द्वय ने बढ़ाया उत्साह, पटना में आयोजन

वडनगर से निकली जल-जन सेवा संकल्प यात्रा पहुंची कोरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वडनगर से वाराणसी तक निकली जल-जन सेवा संकल्प बाइक यात्रा के कोरिया जिले में प्रवेश पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकतार्ओं, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों द्वारा जगह-जगह भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्षों की जनसेवा को समर्पित यह यात्रा सेवा, जल संरक्षण, पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी, जनजागरूकता तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सक्रिय





भागीदारी का संदेश लेकर वडनगर से वाराणसी की ओर बढ़ रही है। यात्रा के माध्यम से युवा बाइकर्स विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर समाज को सेवा, सामाजिक सरोकारों और जल संरक्षण के प्रति जागरूक कर रहे हैं।

कोरिया जिले में भी इस यात्रा को समाज के विभिन्न वर्गों का व्यापक समर्थन और उत्साहपूर्ण सहभागिता मिली। कोरिया जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम पूरे प्रवास के दौरान सेवा संकल्प अभियान से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। वहीं मनेंद्रगढ़ से बाइकर्स के साथ पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं एमसीबी ⏭शेष पेज 2 पर

पटना में पूजा-अर्चना के साथ युवाओं से संवाद

पटना पहुंचने पर गायत्री मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ सादगीपूर्ण एवं आत्मीय वातावरण में बाइकर्स के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने युवाओं से संवाद किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्षों की जनसेवा तथा सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गीता राजवाड़े, जिला महामंत्री कपिल जायसवाल, जवाहर गुप्ता, रविशंकर शर्मा, श्रीमती वर्षा साहू, श्रीमती सुनीता कुर्रे, सुनील सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामलखन यादव, मंडल महामंत्री सच्चिदानंद द्विवेदी, महामंत्री सत्यम साहू, योगेंद्र मिश्रा, रूपचंद गुप्ता, दिनेश चक्रधारी, भाजयुमो के रितेश सिंह सहित विभिन्न संगठनों के कार्यकतार्ओं एवं गायत्री परिवार के सदस्यों ने बाइकर्स का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा

मनेंद्रगढ़। जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में विगत 02 अक्टूबर 2026 को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में ग्रामीणों की सहभागिता के साथ पंचायत स्तर से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा आवश्यक प्रस्तावों एवं गतिविधियों को संपादित किया गया। विशेष ग्राम सभा के दौरान वीबी जी राम जी के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों का अनुमोदन किया गया। वहीं, ग्राम पंचायत सचिव द्वारा ग्राम सभा के वार्ता बिंदुओं का वाचन कर उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न विषयों एवं पंचायत स्तर पर संचालित गतिविधियों की जानकारी दी गई। ग्राम सभा में विकसित ग्राम पंचायत प्लानिंग के तहत आगामी वित्तीय वर्ष 2027-28 के लिए तैयार की जाने वाली कार्ययोजना के संबंध में भी ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। कार्ययोजना में स्थानीय आवश्यकताओं, ग्रामीणों की प्राथमिकताओं तथा पंचायत क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़े विषयों को शामिल किए जाने को लेकर ग्रामीणों के साथ सार्थक चर्चा की गई। इस अवसर पर सेवा संकल्प की भावना को केंद्र में रखते हुए ग्राम पंचायतों के विकास में जनभागीदारी, पारदर्शिता और सामूहिक निर्णय की महत्ता पर भी जोर दिया गया। ग

खबर संक्षेप

इंजीनियरिंग कॉलेज में हुए विविध जागरूकता कार्यक्रम



अम्बिकापुर। शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में रेड रिबन क्लब एवं सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत स्वैच्छिक रक्तदान, अंगदान संकल्प, नशामुक्ति एवं एचआईवी जागरूकता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम हुए। अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत डिगमा में जनजागरूकता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को एचआईवी के कारण, संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम तथा नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ.राम नारायण खरे ने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता समाज के स्वस्थ एवं सशक्त भविष्य की आधारशिला है। उन्होने अंगदान संकल्प की शपथ दिलायी। रक्तदान शिविर में छात्रों ने कुल 22 यूनिट रक्तदान किया। जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक एवं चिकित्सा दल द्वारा रक्तदान के महत्व तथा रक्तदान से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। कार्यक्रम में डॉ.प्रियांशा सिन्हा, डॉ.शारदा देवी भगत, श्रीमती अंजुला गौतम मिश्रा, आर्यन सिन्हा एवं श्रीमती आकांक्षा श्रीवास्तव उपस्थित थे। समन्वयक महीधर दुबे ने एचआईवी के कारणों, संक्रमण के माध्यम तथा बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी।

शिविर में 108 बच्चों को कराया गया स्वर्णप्राशन



अम्बिकापुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में शनिवार को जिला आयुष अधिकारी डॉ.शशिबाला जायसवाल की उपस्थिति में अधिकारियों द्वारा स्वर्णप्राशन, संतुलित आहार, सुपोषण शिविर का आयोजन किया गया। डॉ.दीपा साहू ने 108 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया। डॉ.पवन कुमार गुप्ता ने 112 लोगों को सुपोषण की जानकारी दी। डॉ.सीमा मेहरा द्वारा श्रीअन्न की प्रदर्शनी लगाकर उसके लाभ के बारे में बताया गया। डॉ.विनोद सिंह पैकरा ने किया।

स्वर्गीय राम साय फुटबॉल प्रतियोगिता का किया गया शुभारंभ



कुसमी। हाई स्कूल खेल मैदान में जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज की मुख्य आतिथ्य में स्वर्गीय राम साय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता में 54 टीमों ने हिस्सा लिया है। 3 अक्टूबर को मदगुरी एवं धनेशपुर के शुभारंभ मैच खेला गया। फुटबॉल प्रतियोगिता के शुभारंभ मैच में ही बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। इस दौरान जन्मजय सिंह, राकेश भारती, माधुरी लकड़ा, मो शमीम, दिलीप गुप्ता, इंद्र देव निकुंज, पारस पाल, सीजे प्रजापति, दीपक सिन्हा, धीरेन्द्र सिंह, संदीप भगत, बृजकिशोर भगत, धर्म जीत सहित अन्य मौजूद रहे।

फुटबॉल स्पर्धा में डोरा सुपर टाइगर, गड़गोड़ी महावीरगंज व बलरामपुर किंग्स ने जीता मैच



रामानुजगंज। स्वर्गीय सूर्य प्रकाश नेताम स्मृति दीन-हीन सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित रामानुजगंज विधानसभा स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता अंतर्गत मंडल स्तरीय चयनित खिलाड़ियों के रोमांचक मुकाबला खेला गया। पहला मुकाबला धनपुरी और डोरा सुपर टाइगर के बीच खेला गया जिसमें डोरा सुपर टाइगर विजयी रही। दूसरा मुकाबला डोरा रॉयल और गड़गोड़ी महावीरगंज के मध्य खेला गया। दोनों ही टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया और निर्धारित समय तक दोनों टीमे बराबरी पर रहे। मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ जिसमें गड़गोड़ी महावीरगंज ने 2–1 से जीत दर्ज की। तीसरा मुकाबला बलरामपुर किंग्स और चेरवाडीह सनावल के बीच खेला गया जिसमें बलरामपुर किंग्स ने 6 गोल से शानदार जीत हासिल की।

सेमी घोघरा जंगल में शव दफन करने की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

अंबिकापुर। जिले के उदयपुर अंतर्गत सेमी घोघरा जंगल में संदिग्ध रूप से गड्ढा खोदकर शव दफन किए जाने बात सामने आई है। बकरी चराने गए बच्चों ने कुछ लोगों को बोलेरो वाहन से आकर गड्ढा 5 फीट का गड्ढा खोदने और कुछ दफन करते हुए देखा था। मौके पर सफेद कपड़ा भी पड़ा मिला। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। रविवार को दंडाधिकारी की मौजूदगी में गड्ढे को खोदकर देखा जाएगा। बताया जा रहा है कि गुरुवार को बच्चे उदयपुर के सानी बर्रा घोघरा जंगल में बकरी चराने गए हुए थे।

बिना अनुमति तस्करों ने काट दिए आम के फलदार पेड़

क्षेत्र में एक बार फिर सक्रिय हुए अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

क्षेत्र में बिना अनुमति के अवैध रूप से लकड़ी कटाई कर उसे पड़ोसी राज्यों में खपाने का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है। बारिश थमते ही अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर एक बार फिर क्षेत्र में सक्रिय हो गए है जो बिना अनुमति फलदार वृक्ष आम के विशालकाय पेड़ो को काट डाला। फल के साथ लोगों को कड़ी धूप में छत्रछाया देने वाले विशाल आम के पेड़ों की कटाई से लोग आक्रोशित है। क्षेत्र के लोगों ने अवैध कटाई के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए संबंधित अधिकारियों से पेड़ो की कटाई करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

खास बात
- ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

विदित हो कि क्षेत्र में लंबे समय से उत्तरप्रदेश समेत अन्य राज्यों से आने वाले अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्करों का बोलबाला है। लकड़ी तस्कर स्थानीय लोगों के साथ सांठगांठ कर भोलेभाले ग्रामीणों को अपने झांसे में लेकर उनकी जमीन में लगे पेड़ो का औने पौने दामों में सौदा करते हैं। जिसके बाद पेड़ो की कटाई कर उसे यूपी, बिहार, बंगाल जैसे राज्यों में ले जाकर ऊंचे दामों में खपाते हुए मोटी कमाई करते हैं। मोटी कमाई का जरिया बन चुके लकड़ी के इस अवैध कारोबार में तस्करों का के गैंग क्षेत्र में सक्रिय हैं।जो घूम घूम कर लकड़ी की अवैध कटाई कर रहे हैं और उसे चोरी छिपे बाहर ले जाकर खपा रहे है। लकड़ी की खरीदी-बिक्री एवं कटाई ढुलाई के लिए शासन प्रशासन द्वारा कुछ नियम बनाये गए हैं। जिसके तहत एसडीएम कार्यालय में आवेदन देकर अनुमति प्राप्त करना होता है और अनुमति के बाद साल में केवल दस पेड़ काटने होते हैं। इस नियम के तहत लकड़ी तस्कर के इशारे पर किसान अपनी मजबूरी बताकर पेड़ कटाई की अनुमति पा लेते है। वैधानिक अनुमति मिलते ही लकड़ी तस्कर सारे नियमों को ताक पर रखकर दस पेड़ की जगह एक बार में ही सैकड़ो पेडों की कटाई कर डालते हैं। एक बार अनुमति मिल गई तो फिर दोबारा लेने की जरूरत नहीं पड़ती उसी अनुमति के साथ छेड़छाड़ कर पेड़ों की अवैध कटाई का सिलसिला जारी रहता है। बीते दिनों में क्षेत्र में पेड़ो की अवैध कटाई का आलम ये है कि कई गांवों में पेड़ पौधों के जो बगीचे हुआ करते थे वो अब पूरी तरह गायब हो गए। लकड़ी तस्करों ने स्थानीय लोगों को अपने पाले में लेते हुए पूरे का पूरा पेडों का बगीचा साफ कर दिया। बारिश के दौरान क्षेत्र में अवैध लकड़ी कटाई की गतिविधियां काफी हद तक कम हो गई थी। लेकिन बारिश थमते ही अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्करों ने वापसी करते हुए क्षेत्र में अवैध लकड़ी कटाई का काम शुरू कर दिया है। इस बार तस्करों ने मैनपाट के तराई गांव राजापुर से पेंट जाने वाली मेन रोड के किनारे लगे फलदार वृक्ष आम के विशालकाय पेड़ों को काट डाला। सूत्रों के अनुसार इसके लिए शासन प्रशासन से कोई वैध अनुमति नहीं ली गई थी। बगैर अनुमति के ही लकड़ी तस्करों ने अपने मंसूबों को अंजाम देते हुए आम के पेड़ो को काट डाला।इस बात की जानकारी मिलते ही ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और उन्होंने इसके विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए पेड़ो की अवैध कटाई की जांच एवं इसमे शामिल लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।



काटे गए आम के पेड़।

पंचनामा के बाद लकड़ी को बीटगार्ड के हवाले

फलदार पेड़ आम की अवैध कटाई के विरुद्ध ग्रामीणों का आक्रोश एवं विरोध के बीच कार्रवाई करने हल्का पटवारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौके पर मौजूद सरपंच उपसरपंच एवं ग्रामीणों के बीच पंचनामा तैयार कर बिना अनुमति काटी गई लकड़ी को वन विभाग के बीटगार्ड के हवाले कर दिया। अब इसमें देखने वाली बात ये है कि संबंधित विभागों के अधिकारी इस अवैध कटाई के विरुद्ध क्या कार्रवाई करते हैं।

नियमानुसार की जाएगी कार्रवाई

बिना अनुमति पेड़ो की कटाई करना गलत है। इस मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
-ऐश्वर्य चंद्राकर, एसडीओ फारेस्ट



तेजस्विनी राजमोहिनी देवी युवती सम्मेलन नगर में हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा तेजस्विनी राजमोहिनी देवी युवती सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी, परिषद वक्ता हेमपुष्पा भगत तथा विशिष्ट अतिथि सेविका समिति जिला कार्यवाहिका, कांसाबेल श्रीमती बैजन्ती सिंह उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य युवतियों को आत्मनिर्भर, सक्षम एवं सशक्त बनाने के साथ उन्हें वर्तमान समय की चुनौतियों के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर छात्राओं के लिए डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से आत्मरक्षा एवं सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर सुरक्षा विषय पर विशेष सत्र आयोजित कर छात्राओं को डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग, साइबर अपराधों से बचाव तथा आवश्यक सावधानियों के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभा प्रदर्शित करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के इस आयोजन के माध्यम से युवतियों को अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं क्षमता को पहचानने तथा समाज में सशक्त भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

जनसमस्या निवारण एवं योजना शिविर में अलखडीहा सहित 15 ग्राम के ग्रामीण हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

जनपद पंचायत राजपुर अंतर्गत सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार, जनसमस्या निवारण एवं योजना शिविर के अंतर्गत ग्राम पंचायत अलखडीहा में विकासखंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत एवं उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

शिविर में अलखडीहा सहित 15 ग्राम के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में अलखडीहा, परती, लदकुड़, महंगई, कौड़ू, बाड़ीचलगली, झिंगों, उफिया, जिगड़ी, उलिया, पहाड़खडुवा, डांडखडुवा, महुडांड, बासेन और माकड़ के ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं एवं मांगें अधिकारियों के समक्ष रखीं। शिविर में ग्रामीणों की ओर से कुल 15 मांग एवं शिकायतें प्रस्तुत की गईं। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। अधिकारियों ने मौके पर ही कई मामलों के निराकरण की प्रक्रिया शुरू की तथा लंबित प्रकरणों के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक पहल की। शिविर में ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, श्रमिक एवं किसान हितैषी योजनाएं, स्वास्थ्य सुविधाएं, आयुष्मान कार्ड, आवास, मनरेगा, कृषि एवं पशुपालन सहित अन्य योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया समझाई गई। शिविर में जनपद पंचायत के सीईओ संजय दुबे, तहसीलदार प्रतीक जायसवाल, तहसीलदार नरेंद्र कंवर, एसडीओ आरईएस जानू राम सोनवानी, वन विभाग के रेंजर अजय वर्मा, जिला सदस्य रवि प्रताप मरावी, उदय यादव, जगवंशी यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



पहली बार कलाकेंद्र मैदान के खुले मंच पर होगी संभागस्तरीय रामचरितमानस प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विजयादशमी महोत्सव की तैयारियों को लेकर गुरूवार को सरगुजा सेवा समिति एवं नागरिक समिति की बैठक हुई।

- सरगुजा सेवा समिति एवं नागरिक समिति की बैठक में तैयारियों पर हुई चर्चा

बैठक में सर्वसम्मति से कलाकेंद्र मैदान के खुले मंच पर संभाग स्तरीय मानस गायन प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया। पूर्व में यह प्रतियोगिता सरस्वती शिशु मंदिर के सभागार में होती थी। सभागार में कम जगह होने के कारण कलाकेंद्र मैदान के खुले मंच पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मानस गायन प्रतियोगिता, महिला मनास मंडलियों की स्वतंत्र संभाग स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। पुरूष मंडलियों के साथ संभाग स्तरीय महिला मानस प्रतियोगिता पृथक से आयोजित होगी तथा दोनों वर्गों में श्रेष्ठ मंडलियों का चयन कर प्रथम, द्वतीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। महिला मंडली का प्रथम पुरस्कार 11000 रूपए महापौर श्रीमती मंजूषा भगत तथा पुरूष मंडली का प्रथम पुरस्कार नरेन्द्र सिंह टुटेजा के सौजन्य से दिया जाएगा।

शैला एवं सुगा लोकनृत्य की संभाग स्तरीय प्रतियोगिताएं भी अलग-अलग होंगी तथा दोनों ही विधाओं के नर्तल दलों को अलग-अलग प्रथम, द्वतीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। बैठक में समिति की अध्यक्ष श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी ने कहा कि विजयादशमी का पर्व संपूर्ण सरगुजा अंचल की सांस्कृतिक अस्मिता, अगाध जन-आस्था और सनातन गौरव का प्रतीक है। हम सभी को पूर्ण निष्ठा, नए उत्साह और एकजुटता के साथ आगे बढ़ना है ताकि महोत्सव को भव्य एवं व्यापक स्वरूप प्रदान किया जा सके। नागरिक समिति के अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने कहा कि दशहरा आयोजन हेतु नागरिक समिति और सरगुजा सेवा समिति के मध्य यह संगठनात्मक एकता और आपसी तालमेल ही इस विराज आयोजन की वास्तविक शक्ति है। समिति के उपाध्यक्ष अखिलेश सोनी ने कहा कि इस बार विजयादशमी के अवसर पर खुले मंच पर मानस गायन व पारंपरिक लोकनृत्यों का संभाग स्तरीय समागम हमारी संगठनात्मक शक्ति को सुदृढ़ करेगा। भारत सिंह सिसोदिया तथा नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस दौरान सत्येंद्र तिवारी, दीपक सोनी, राजेश कश्यप, पापिन्दर सिंह, पीयूष कुमार त्रिपाठी, दुर्गेश गुप्ता, श्रीमती अरूणा सिंह, अरविंद सिंघानिया, श्रीमती शकुंतला पाण्डेय, अभिषेक शर्मा, आकाश गुप्ता, प्रयागराज साहू सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।



पृष्ठ 1 का शेष

हाइवे पर ट्रकों...

50 लीटर का एक नीला जरीकेन, 30 लीटर के दो जरीकेन, 20 लीटर का एक सफेद जरीकेन तथा इनमें भरा करीब 10 लीटर डीजल जब्त किया है। आरोपी कालिका प्रसाद लोनी को 2 अक्टूबर को गिरफ्तार कर सक्षम न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। फरार दोनों आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई है। पूरी कार्रवाई में थाना चरचा और साइबर सेल की संयुक्त टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

तहसील-एसडीएम कार्यालय...

ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को कितनी सुविधा अथवा असुविधा होगी। सम्पूर्ण बचरा-पोड़ी एवं पटना क्षेत्र सहित तहसील क्षेत्र के बड़ी संख्या में ग्रामीणों को अपने राजस्व एवं प्रशासनिक कार्यों के लिए इन कार्यालयों में बार-बार आना पड़ता है। इसलिए केवल न्यायालय से दूरी को आधार बनाकर कार्यालय को शहर से बाहर ले जाना व्यावहारिक निर्णय नहीं होगा।

शहर के हित में जनप्रतिनिधि और संगठन आगे आएं- जिला व्यापार संघ अध्यक्ष संजय ने बैकुंठपुर के वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों, आगामी नगरीय निकाय चुनाव में अध्यक्ष एवं पार्षद पद के प्रत्याशियों, बुद्धिजीवी वर्ग तथा विभिन्न सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों से इस विषय में गंभीरता से पहल करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को विधायक एवं कलेक्टर से मिलकर बैकुंठपुर शहरवासियों की वास्तविक भावना से समय रहते अवगत कराना चाहिए। संजय गुप्ता ने कहा कि किसी भी निर्णय से पहले यह जानना जरूरी है कि बैकुण्ठपुर की जनता तहसील एवं एसडीएम कार्यालय को कहां चाहती है। नागरिकों की राय को प्रशासन एवं सक्षम जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड को भी समय-समय पर शहर से बाहर ले जाने की बातें सामने आती रही हैं। ऐसे में प्रशासनिक कार्यालयों के संबंध में भी समय रहते नागरिकों की राय सामने आना जरूरी है। कहीं ऐसा न हो कि जमीन आवंटन, स्वीकृति और टेंडर जैसी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद नागरिकों को इसकी जानकारी मिले और तब विरोध या आपत्ति दर्ज कराने की स्थिति बने। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह किसी व्यक्ति या संस्था के विरोध का विषय नहीं है। यह बैकुंठपुर शहर की नागरिक सुविधा, विकास और भविष्य से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। इसलिए अंतिम निर्णय लेने से पहले शहर एवं इससे जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों की राय लेना आवश्यक है। नागरिकों की राय के बिना एकतरफा निर्णय बैकुंठपुर के हित में नहीं होगा। संजय गुप्ता, अध्यक्ष जिला व्यापार संघ कोरिया ने कहा कि बैकुंठपुर के विकास की दिशा तय करते समय शहर की भौगोलिक स्थिति, नागरिक सुविधा और भविष्य की आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। तहसील एवं एसडीएम कार्यालय को लेकर व्यापक जनमत जानने के बाद ही कोई अंतिम निर्णय लिया जाना चाहिए।

नगरीय निकाय चुनाव...

तथा उन्हें संगठन से जोड़ने की बात कही गई। नेताओं ने कहा कि स्थानीय स्तर पर जनता की समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए प्रयास करना कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। बैठक में भाजपा सरकार के कार्यकाल में महंगाई एवं बिजली बिल से जुड़े मुद्दों को लेकर लोगों के बीच जनजागरूकता अभियान चलाने की बात भी कही गई। कांग्रेस नेताओं ने कार्यकर्ताओ से कहा कि वे आम जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनें और जरूरत के समय उनके साथ खड़े रहें। जनसमस्याओं के समाधान के लिए संबंधित स्तर पर आवाज उठाने तथा जनता से लगातार संवाद बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। बैठक के दौरान आगामी नगरीय निकाय चुनाव में वार्ड पार्षद एवं अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों ने अपने-अपने आवेदन पत्र कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं पर्यवेक्षक को सौंपे। इससे बैठक में चुनावी गतिविधियों को लेकर भी चर्चा का दौर चलता रहा। पार्टी पदाधिकारियों ने सभी दावेदारों एवं कार्यकर्ताओ से संगठन हित में मिलकर काम करने की बात कही। बैठक में चरचा ब्लॉक अध्यक्ष अजीत लकड़ा, मंडल अध्यक्ष जागृत कुर्रे, हेमसागर यादव, धर्मवीर सिंह, भूपेंद्र यादव, राजेश्वर चंद्रा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुमन दुबे, संजीव सिंह काजू, श्रवण सिंह, रामाधार, अनिल सिंह, एजाज गुड्डू, नौसाद, सोहेल अहमद, राजू मोदी, राम सिंह, विक्रांत सिंह, संजय शर्मा, जितेंद्र वर्मा, लाल मोहम्मद, विजय, जीवन, अभिषेक सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वडनगर से वाराणसी...

भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले ने यात्रा के साथ कोरिया जिले की सीमा में प्रवेश किया। जिले में प्रवेश के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सतेंद्र राजवाड़े के नेतृत्व में युवा मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने बाइकर्स एवं अतिथियों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इसके पश्चात नगर आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्ण बिहारी जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रविशंकर राजवाड़े, बसंत राय, जिला कोषाध्यक्ष रामकृष्ण शर्मा, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष मैनेजर राजवाड़े, संजय चिकनज्यूरी, रोशन राजवाड़े, गोकरण शुक्ला, गोपाल राजवाड़े, आनंद राजवाड़े, श्रीमती धर्मवती राजवाड़े, श्रीमती रीता यादव, श्रीमती संगीता गुप्ता सहित पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने युवा बाइकर्स का भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सतेंद्र राजवाड़े के कुशल समन्वय में युवा शक्ति सैकड़ों मोटरसाइकिलों के साथ यात्रा के स्वागत में उमड़ी। भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राकेश खाखा, रमेश तिवारी, भाजयुमो जिला महामंत्री कमलेश साहू, जिला महामंत्री सुश्री साक्षी सिंह, जिला मंत्री पी.एस. सिंह, परवेंद्र सिंह, शिवपुर चर्चा मंडल अध्यक्ष श्रीराम दुबे, बैकुंठपुर मंडल अध्यक्ष विकास दुबे, पटना मंडल अध्यक्ष जय राजवाड़े, कुडेली मंडल अध्यक्ष मनोज यादव, सोनहत मंडल अध्यक्ष दिलीप राजवाड़े, सहित युवा मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की। स्थानीय पारंपरिक कर्मा नृत्य के माध्यम से बाइकर्स का अभिनंदन कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। उत्साह उस समय और बढ़ गया, जब प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी बाइकर्स के साथ लोकनृत्य में शामिल हुए। जनप्रतिनिधियों, युवाओं और बाइकर्स की सहभागिता ने इस अवसर को और अधिक आत्मीय एवं यादगार बना दिया। चर्चा में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण- यात्रा के शिवपुर-चर्चा पहुंचने पर मंडल अध्यक्ष श्रीमती दीपा विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण जायसवाल, जिला मंत्री प्रदीप तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने बाइकर्स का स्वागत किया। यहां यात्रा में शामिल बाइकर्स ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं यात्रा के खरवत तिराहा पहुंचने पर ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, महामंत्री श्रीमती अहिल्या राजवाड़े, सुरेंद्र कुमार, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवचरण साहू, महामंत्री प्रेमप्रकाश पांडे, जय चक्रधारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, जनपद अध्यक्ष सोनहत श्रीमती आशा देवी सोनपाकर, मंडल अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शिवकुमारी सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने यात्रा का जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया। जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ती गई, युवाओं का काफिला भी बढ़ता गया। रास्ते भर विभिन्न स्थानों पर नागरिकों एवं कार्यकताओं ने बाइकर्स का अभिनंदन कर जल संरक्षण, सेवा और जनभागीदारी के संकल्प के प्रति अपनी सहभागिता व्यक्त की। युवाओं का उत्साह यात्रा के संदेश को और व्यापक बनाता गया।

हर पात्र नागरिक का नाम सूची में हो, इस लक्ष्य को पूरा करने मे जिलेवासी बने सहभागी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण के उपरांत जिले में मतदाता सूची से छूटे नागरिकों तथा पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं के पंजीयन के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने बताया कि मतदाता पंजीयन एक सतत प्रक्रिया है। जिन पात्र व्यक्तियों के नाम अब तक दर्ज नहीं हुए हैं या किसी कारणवश सूची से हट गए हैं, वे किसी भी समय आवेदन कर सकते हैं। अभियान का उद्देश्य ऐसे नागरिकों की पहचान कर उन्हें पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराना है।



अभियान अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारी वर्तमान मतदाता सूची का एसआईआर पूर्व की सूची से मिलान कर उन मतदाताओं की सूची तैयार करेंगे, जिनके नाम पहले दर्ज थे किंतु अब शामिल नहीं हैं। बीएलओ घर-घर जाकर इनकी वर्तमान स्थिति का सत्यापन करेंगे और पात्र पाए जाने पर फॉर्म-6 भरवाएंगे। प्रत्येक बीएलओ सप्ताह में कम से कम 20 से 25 मतदाताओं से संपर्क करेगा, जिससे यह कार्य लगभग एक माह में पूर्ण हो सके। भ्रमण के दौरान नए युवा मतदाताओं का पंजीयन भी कराया जाएगा। बूथ स्तर पर शिविरों के साथ रैन बसेरों, श्रमिक बस्तियों तथा बेघर एवं वंचित वर्गों के लिए विशेष शिविर भी आयोजित होंगे।

संत गहिरा गुरु विवि परिसर में स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

अम्बिकापुर। संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, सरगुजा, अम्बिकापुर के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के पावन अवसर पर स्वच्छता ही सेवा है अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में वृहद स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ परिसर के निर्माण के लिए सामूहिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों, विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने परिसर की साफ-सफाई की तथा कचरे का उचित संकलन एवं निस्तारण करते हुए स्वच्छता के महत्व का संदेश दिया।





दृश्यम 3: बॉक्स ऑफिस पर मचाया तहलका...

मुंबई। अजय देवगन की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'दृश्यम 3: द कन्क्लूजन' ने सिनेमाघरों में आते ही बॉक्स ऑफिस पर ऐसा तूफान मचाया है कि बड़े-बड़े रिकॉर्ड पीछे छूट गए। अभिषेक पाठक के डायरेक्शन में बनी 'दृश्यम 3' 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के मौके पर रिलीज हुई। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने पहले दिन भारत में 66.75 करोड़ रुपए नेट कलेक्शन किया है। वहीं इसका इंडिया ग्रॉस कलेक्शन 80.10 करोड़ रुपए के पार पहुंच गया। विदेशों में फिल्म ने करीब 15 करोड़ रुपए कमाए हैं। इस तरह फिल्म का वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन पहले दिन ही 95.10 करोड़ रुपए हो गया।

लाइफ Style

यामी

पॉजिटिव रिस्पॉन्स से खुश

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यामी गौतम की अपकमिंग फिल्म 'नई नवेली' को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ती जा रही है। दशहरा के मौके पर 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली इस फैंटेसी फैमिली एंटरटेनर के ट्रेलर को मिल रहे पॉजिटिव रिस्पॉन्स से एक्ट्रेस भी काफी खुश हैं।

इसी बीच यामी अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए पटना पहुंचीं, जहां फैंस ने उनका जोरदार स्वागत किया। फिल्म में फैंटेसी, ह्यूमर और एक्शन के साथ भारतीय परिवारों से जुड़े कई ऐसे पहलुओं को दिखाया गया है, जिनसे दर्शक खुद को जोड़ सकेंगे। पटना पहुंचने पर यामी गौतम धर का फैंस ने ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। एक्ट्रेस भी अपने चाहने वालों से मिले प्यार को देखकर काफी खुश नजर आईं। इस दौरान उन्होंने फैंस के साथ फिल्म के ट्रेलर को मिल रहे रिस्पॉन्स का जश्न मनाया और उनका आभार जताया। 'नई नवेली' के ट्रेलर में यामी एक अलग और पहले से हटकर अंदाज में नजर आ रही हैं, जिसे लेकर दर्शकों के बीच फिल्म को देखने की उत्सुकता बनी हुई है।

फिल्म प्रमोशन के बीच यामी गौतम धर ने पटना साहिब गुरुद्वारे में भी मत्था टेका। यहां उन्होंने कुछ वक्त शांति के साथ बिताया और फिल्म की रिलीज से पहले आशीर्वाद लिया। पवित्र स्थल पर पहुंचकर यामी ने आभार व्यक्त किया। पटना दौरे के दौरान एक्ट्रेस का फैंस के साथ जुड़ना और गुरुद्वारे में दर्शन करना उनके प्रमोशनल सफर का खास हिस्सा रहा।



हॉलीवुड मसाला



कानूनी पचड़े में फंसी सिंगर...

लॉस एंजेलिस। मशहूर ब्रिटिश सिंगर ओलिविया डीन पर साहित्यिक चोरी का आरोप लगा है। यह आरोप उनके गाने 'आई हैव सीन इट' को लेकर लगाया गया है। इसे लेकर वे कानूनी मुसीबत में घिर गई हैं। ओलाविया पर आरोप है कि उन्होंने बिल विथर्स के गाने 'जस्ट द टू ऑफ अस' की नकल की है। सिंगर ओलिविया डीन पर एक म्यूजिक पब्लिशर ने आरोप लगाया है कि 'आई हैव सीन इट' गाने में बिल विथर्स के 1981 के मशहूर गाने 'जस्ट द टू ऑफ अस के कुछ हिस्सों की नकल की गई है।



वर्ल्ड वॉर जेड के सीक्वल की तैयारी

लॉस एंजेलिस। हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर ब्रैड पिट के फैंस के लिए खुशखबरी है। उनकी 2013 की सुपरहिट हॉरर-एक्शन फिल्म 'वर्ल्ड वॉर जेट' के सीक्वल की तैयारी शुरू हो गई है। ब्रैड पिट एक बार फिर जॉम्बीज से जंग लड़ते नजर आने वाले हैं। 62 साल के एक्टर इस फिल्म में एक बार फिर गेरी लेन के किरदार में वापसी करेंगे। जबकि 'ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट' और 'कॉनस्लेव' जैसी फिल्मों के डायरेक्टर एडवर्ड बर्गर इसकी कमान संभालेंगे। पैरामाउंट पिक्चर्स इस लंबे समय से अटके प्रोजेक्ट को आगे बढ़ा रही है। 'वर्ल्ड वॉर जेड' के सीक्वल का सफर काफी लंबा रहा है। इससे पहले डेविड फिंचर के साथ फिल्म का एक वर्जन तैयार किया जा रहा था, लेकिन 2019 में वह प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ सका।



कोमल रानी ने अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी

मुंबई। एक्टर गोविंदा और एक्ट्रेस कोमल रानी स्वर्णकार इन दिनों अपने कथित अफेयर को लेकर सुर्खियों में हैं। दोनों को कई मौकों पर साथ देखा गया है, जिसके बाद उनके अफेयर की चर्चाएं तेज हो गईं। इस मामले में दिव्या खोसला और कश्मीरा शाह समेत कुछ सेलेब्स ने भी सुनीता आहूजा का सपोर्ट करते हुए कोमल रानी पर सवाल उठाए थे। अब एक्ट्रेस ने पहली बार इन तमाम बातों पर खुलकर जवाब दिया है। कोमल रानी ने गोविंदा के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म 'रूपा' का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों का साथ नजर आना काम का हिस्सा है। कोमल रानी ने अपने आलोचकों को जवाब देते हुए कहा कि वह और गोविंदा साथ काम कर रहे हैं और आगे भी साथ नजर आएंगे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर किसी को इससे परेशानी है तो वह जल सकता है।



अर्जुन की थ्रिलर फिल्म का हुआ ऐलान

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन रामपाल ने 'धुरंधर' में मेजर इकबाल का किरदार निभाया था, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया। अब उनके चाहने वालों के लिए एक अच्छी खबर है। दरअसल, एक्टर की नई थ्रिलर फिल्म का ऐलान हो गया है, जिसका नाम '3 मंकीज' है। फिल्म में अर्जुन रामपाल के साथ विशाल जेठवा, मुस्तफा बर्मावाला और तेनजिन दल्हा भी नजर आने वाले हैं और इसका निर्देशन अब्बास-मस्तान ने किया है। '3 मंकीज' का कैंपेन 'थ्री वाइज मंकीज' की मशहूर सोच को आज के समय के हिसाब से नए अंदाज में पेश करता है। मोशन पोस्टर में फिल्म के मुख्य किरदारों की झलक दिखाई गई है, लेकिन कहानी को लेकर ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।'3 मंकीज' को अल्लारखा वोहरा, फारूक वोहरा और सईद वोहरा ने प्रोड्यूस किया है।

टीवी मसाला

अफवाहें फैलाने वालों पर तंज बोलीं- मेरी वजह से व्यूज मिल जाएं

मुंबई। शहनाज गिल अपने बेबाक और मजाकिया अंदाज के लिए जानी जाती हैं। उनकी पर्सनल लाइफ को लेकर फैंस के बीच काफी दिलचस्पी रहती है। यही वजह है कि उनके बारे में अक्सर अफवाहें और कई तरह की खबरें सामने आती रहती हैं। कभी उनके लिंकअप की खबरें आती हैं तो कभी उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाता है। हालांकि, शहनाज इन बातों को गंभीरता से लेने के बजाय मजाकिया अंदाज में जवाब देती हैं। हाल ही में एक बातचीत के दौरान शहनाज ने अपने बारे में छपने वाली खबरों और सुर्खियों पर बात की। उन्होंने कहा कि वह समझ सकती हैं कि ऐसी खबरें बनाने वालों का मकसद क्या होता है। शहनाज के मुताबिक, लोगों को खबरें बेचने के लिए कभी-कभी खराब या चटपटी हेडलाइन का सहारा लेना पड़ता है। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, जो लोग हेडलाइन बनाते हैं, मैं उनका इरादा समझ सकती हूं। उन्हें व्यूज चाहिए, वरना वो बेचारे न्यूज कैसे बेचेंगे अगर खराब हेडलाइन नहीं लगाएंगे। अगर मेरी जुबान फिसल गई और वो हेडलाइन बन गई, तो मैं बस दुआ करती हूं कि बेचारे को मेरी वजह से व्यूज मिल जाएं। इतनी अच्छी बातों से तो कुछ फायदा नहीं हुआ है, पर किसी का तो भला हो।"





5 साल बाद पर्दे पर की वापसी

मुंबई। अभिनेत्री तनीषा मुखर्जी एक बार फिर स्क्रीन पर वापसी करने जा रही हैं। वह फिल्ममेकर कपिल कौस्तुभ शर्मा की अपकमिंग फिल्म 'जिंदगी फिर भी खूबसूरत है' में नजर आएंगी। फिल्म में तनीषा ऐसा किरदार निभा रही हैं, जो जिंदगी के अलग-अलग पड़ावों से गुजरता है। फिल्ममेकर कपिल ने तनीषा की तारीफ करते हुए कहा कि इस किरदार के लिए उन्हें एक ऐसी अभिनेत्री की जरूरत थी, जो कहानी में भावनाओं की गहराई और संवेदनशीलता ला सके। कपिल कौस्तुभ शर्मा ने कहा, तनीषा एक ऐसी एक्टर हैं, जिनमें एक खास तरह की भावनात्मक समझ है और इस किरदार के लिए यह बहुत जरूरी थी। कहानी जिंदगी के अलग-अलग पड़ावों से होकर गुजरती है और मैं चाहता था कि इस सफर को कोई पूरी ईमानदारी और गहराई के साथ पर्दे पर उतारे। 'जिंदगी फिर भी खूबसूरत है' की कहानी मुंबई की पारसी कम्युनिटी के बीच सेट है। फिल्म 1990 के दशक से लेकर साल 2025 तक का दौर दिखाती है। इसमें रोमांस, ह्यूमर और इमोशन्स का मेल देखने को मिलेगा।

'रिपोर्टिंग लाइव' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। परिणीति चोपड़ा एक इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर में नजर आने वाली हैं। थ्रिलर फिल्म 'रिपोर्टिंग लाइव' का ट्रेलर अब आ गया है। ध्रुव त्रिपाठी के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म अवैध रेत खनन पर आधारित है और फिल्म में एक रिपोर्टर और उसके कैमरामैन की कहानी देखने को मिलेगी, जिन्हें एक दुखद घटना की जांच के दौरान एक खौफनाक सच्चाई का पता चलता है। मेकर्स ने हाल ही में 'रिपोर्टिंग लाइव' का ट्रेलर जारी किया है। 2 मिनट 2 सेकंड लंबे इस ट्रेलर की शुरुआत एक जानलेवा घटना के साथ होती है, जो एक महत्वाकांक्षी रिपोर्टर संध्या और उसके कैमरामैन विनोद का ध्यान अपनी तरफ खींचती है। फिल्म में पत्रकार की भूमिका में परिणीति चोपड़ा और कैमरामैन के रोल में देवेन भोजानी नजर आएंगे। दोनों अवैध रेत खनन से जुड़ी दुखद घटना की जांच में लगे होते हैं और जैसे-जैसे वह मामले की गहराई में जाते हैं और ताकतवर लोगों से सवाल-जवाब करते हैं, हालात खतरनाक हो जाते हैं। हर एक जवाब एक नया सवाल खड़ा करता है, जिससे दोनों और अधिक जोखि में फंसते जाते हैं।



'मैं ना रहा मेरा' का नया गाना रिलीज

मुंबई। फिल्म 'मैं ना रहा मेरा' के मेकर्स ने इसका नया गाना 'शायद' रिलीज कर दिया है। अध्ययन सुमन और दिविता राय पर फिल्माए गए इस गाने को रेखा भारद्वाज ने अपनी आवाज दी है। रेखा भारद्वाज ने बताया कि इस गाने की सबसे खास बात उन्हें इसकी सादगी लगी। 'शायद' के बारे में बात करते हुए रेखा भारद्वाज ने कहा, मेरे लिए यह गाना शब्दों के पीछे छिपी भावनाओं को समझने के बारे में है। गाने के बोल में एक खास तरह की संवेदनशीलता है और राहुल नायर की धुन उस भावना को खुलकर सामने आने की जगह देती है। मैं चाहती थीं कि मेरी आवाज ऐसी लगे जैसे कोई व्यक्ति सच में अपने दिल की बात कह रहा हो। मुझे खास तौर पर गाने की सादगी काफी पसंद आई है। इसी सादगी की वजह से गाना असरदार तरीके से बन पाया है। उन्होंने कहा, गाना उन भावनाओं को सामने लाता है जिन्हें अक्सर शब्दों में कहना आसान नहीं होता। प्यार के साथ आने वाली अनिश्चितता, किसी के लिए तड़प और दिल की कमजोरी को गाने में बेहद सहज तरीके से दिखाया गया है।



फ्रीडा ने दी करियर बदलने की सलाह

मुंबई। हरलीन सेठी के एक्टिंग करियर की शुरुआत डांस से हुई। वह डांस करती थीं और सिखाती भी थीं। इसी दौरान उनकी मुलाकात 'स्लमडॉग मिलेनियर' फेम अभिनेत्री फ्रीडा पिंटो से हुई। फ्रीडा ने हरलीन से डांस की कुछ पर्सनल क्लासेस ली थीं। इसी दौरान उन्होंने हरलीन से एक्टिंग में आने के बारे में पूछा। फ्रीडा उस वक्त फिल्म 'डेजर्ट डांसर' की तैयारी कर रही थीं। उन्हें अपने बॉडी मूवमेंट और परफॉर्मेंस पर काम करना था। इसके लिए उन्होंने हरलीन से ट्रेनिंग ली। हरलीन ने बताया।

बॉक्स ऑफिस पर मनेगी दिवाली, सिनेमाघरों में धमाका करेंगी ये फिल्में

साल 2026 में कई बड़ी फिल्में रिलीज हुईं। रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' ने बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा दिया। कई रिकॉर्ड हासिल करने के बाद यह कमाई के मामले में हिंदी भाषा की नंबर 1 फिल्म बन चुकी है। अगस्त में रिलीज हुई बेहद कम बजट की 'हनुमान अंश' ने तो चौंका ही दिया है। साल अभी खत्म नहीं हुआ है। पिक्चर अभी बाकी है। शेष तीन महीनों- अक्टूबर-नवंबर और दिसंबर में कई और बड़ी फिल्में रिलीज की कतार में हैं।

उड़ता तीर
रिलीज डेट: 9 अक्टूबर

आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, राहुल बोस और राम कपूर जैसे सितारों से सजी यह फिल्म अपने ट्रेलर रिलीज के बाद खूब चर्चा में है। यह एक स्पाई कॉमेडी फिल्म है। आयुष्मान खुराना पाकिस्तानी जासूस की भूमिका में है।

'प्रहार: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ उज्जवल निकम'
रिलीज डेट: 16 अक्टूबर

राजकुमार राव की फिल्म 'प्रहार' काफी चर्चा बटोर रही है। अभिनेता फिल्म में भारत के एक मशहूर और जाने-माने विशेष लोक अभियोजक उज्जवल निकम की मुख्य भूमिका में हैं। उनके अलावा, ललित प्रभाकर आतंकवादी कसाब के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में वामिका गब्बी, सिकंदर खेर और जयदीप अहलावत भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 26/11 के मुंबई आतंकी हमलों पर आधारित है। अविनाश अरुण निर्देशित यह फिल्म 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



नई नवेली : अक्टूबर में दशहरे पर यामी गौतम एंटरटेनमेंट का तगड़ा डोज देने वाली हैं। उनकी फिल्म 'नई नवेली' फैमिली ड्रामा से भरपूर है। इसमें हॉरर का तड़का है। आनंद एल. राय और हिमांशु शर्मा प्रोड्यूस कर रहे हैं। वहीं, निर्देशन की कमान बालाजी मोहन ने संभाली है।

पायर : नेशनल अवॉर्ड विजेता विनोद कापड़ी की फिल्म 'पायर' अब सिनेमाघरों में रिलीज को तैयार है। उत्तराखंड में शूट हुई यह फिल्म एक बुजुर्ग दंपति के प्यार, अकेलेपन और बच्चों के पलायन के बाद उनके इंतजार की कहानी दिखाती है। यह फिल्म अब तक 18 अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी है। यह फिल्म 23 अक्टूबर को रिलीज होगी।

काली खेती : जैकी श्रॉफ और शरद केलकर अभिनीत फिल्म 'काली खेती' भी रिलीज की कतार में है। यह एक रूरल हॉरर फिल्म है। फिल्म के निर्देशक और लेखक हारिस इम्तियाज खान हैं। इसे ब्लैक कैनवस स्टूडियो के बैनर तले बनाया जा रहा है। सना खान इसकी निर्माता हैं। इसमें वीरेंद्र सक्सेना और शाजी चौधरी भी अहम भूमिकाओं में होंगे। फिल्म रिलीज डेट: 23 अक्टूबर।

रामायण पार्ट 1 : यह इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्म है। नितेश तिवारी की यह मेगा बजट फिल्म दिवाली के अवसर पर इस साल दस्तक देने जा रही है। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका में हैं। साई पल्लवी माता सीता का किरदार निभा रही हैं। रवि दुबे लक्ष्मण बने दिखेंगे। रिलीज डेट: 6 नवंबर 2026।

ये प्रेम मोल लिया : सूरज बड़जात्या पारिवारिक ड्रामा फिल्म लेकर आ रहे हैं। इसमें आयुष्मान खुराना और शरवरी लीड रोल में नजर आएंगे। अनुपम खेर भी अहम भूमिका में दिखाई देंगे। रिलीज डेट: 27 नवंबर।

ईठा : श्रद्धा कपूर अभिनीत इस फिल्म की भी काफी चर्चा है। यह इस साल दिसंबर में दस्तक देगी। इसका टीजर काफी पसंद किया गया। फिल्म 'ईठा' महाराष्ट्र की मशहूर लावणी सामज्ञी कलाकार विठाबाई नारायणगावकर के जीवन पर आधारित है। श्रद्धा इस फिल्म में बिठाबाई के किरदार में नजर आएंगी। रिलीज डेट: 04 दिसंबर।

खबर संक्षेप

नशे की हालत में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई



बलरामपुर। शराब के नशे में वाहन चलाकर सड़क पर खुद के साथ दूसरों की जान जोखिम में डालने वाले वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई की है। वर्ष के प्रथम नौ माह में पुलिस ने नशे में वाहन चलाने वाले 1001 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए। इन मामलों में न्यायालय के माध्यम से कुल 1 करोड़ 13 लाख 15 हजार 400 रुपये समन शुल्क वसूला गया। पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर जिले में अभियान चलाया जा रहा है। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की जा रही है। जांच के दौरान शराब के नशे में वाहन चलाते पाए जाने पर संबंधित चालक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार कार्रवाई के दौरान 251 वाहन चालकों के लाइसेंस जब्त किए गए। इनमें से 144 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस तीन माह के लिए निलंबित किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि नशे में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई का उद्देश्य केवल यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को दंडित करना नहीं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी है।

मालवीय मिशन ने गांधी जयंती पर विचार गोष्ठी

अम्बिकापुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर महामना मालवीय मिशन द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी के जीवन, विचारों और राष्ट्र के प्रति योगदान पर विचार-गोष्ठी की। कार्यक्रम में हरिशंकर त्रिपाठी ने कहा कि महात्मा गांधी की प्रासंगिकता को आज भी पूरा विश्व स्वीकार करता है। उन्होंने सत्य और अहिंसा को अपने जीवन का आधार बनाया तथा इन्हीं मूल्यों के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन को व्यापक जनभागीदारी से जोड़ा। गांधी जी की परिकल्पना ऐसे भारत की थी जिसमें शासन और समाज लोक कल्याण, नैतिकता तथा न्याय के मूल्यों पर आधारित हों। डॉ.बीके सिंह ने कहा कि शास्त्री जी जैसे ईमानदार और सादगीपूर्ण राजनेता का जीवन आज भी प्रेरणादायी है। शास्त्री जी का जीवन संघर्ष, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा की अनेक प्रेरक घटनाओं से भरा है। हरिशंकर सिंह ने कहा कि महापुरूषों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जाना चाहिए। उनके जीवन और विचारों से नई पीढ़ी को निरंतर प्रेरणा मिलती रहे, इसके लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता है। रणविजय सिंह तोमर ने कहा कि महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलकर ही समाज में समरसता और आपसी सद्भाव की भावना को मजबूत किया जा सकता है। जय प्रकाश चौबे ने कहा कि महापुरूषों की दिनचर्या ही उनकी साधना और पूजा थी।

संस्था को 1 लाख सहायता की घोषणा

नेत्रहीन बच्चों की प्रतिभा देख भावुक हुए प्रभारी मंत्री नेताम

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



सशक्त एमसीबी-सेवा संकल्प अभियान के तहत जनसेवा और संवेदनशीलता की पहल को आगे बढ़ाते हुए जिले के प्रभारी एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने गांधी जयंती के अवसर पर मनेन्द्रगढ़ स्थित एमसीबी जिला नेत्रहीन, विकलांग शिक्षण-प्रशिक्षण विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बच्चों से आत्मीय संवाद किया और उनकी पढ़ाई, भोजन, आवास, ब्रेल शिक्षा तथा उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली। विद्यालय में बच्चों की प्रतिभा देखकर मंत्री भावुक और प्रभावित नजर आए। बच्चों ने स्वागत गीत, संगीत के साथ रामायण पाठ और सुंदरकांड की चौपाइयां प्रस्तुत कीं। इसके साथ ही बच्चों ने विभिन्न जीव-जंतुओं की आवाजें निकालकर अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनकी प्रस्तुतियों में आत्मविश्वास और सीखने की ललक देखकर मंत्री ने बच्चों की जमकर सराहना की।

बच्चों की प्रतिभा से प्रभावित होकर मंत्री रामविचार नेताम ने संस्था के संचालन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए 1 लाख की सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने बच्चों को साउंड सिस्टम बॉक्स तथा फल-फूल भी भेंट किए। बच्चों को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि बच्चों ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा से साबित किया है कि वे किसी से पीछे नहीं हैं। उनमें संगीत, गायन और सांस्कृतिक गतिविधियों की शानदार प्रतिभा है। जरूरत केवल उन्हें उचित अवसर और बड़ा मंच उपलब्ध कराने की है। उन्होंने कहा कि बच्चों में प्रतिभा के साथ आत्मविश्वास भी है। समाज और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि उनकी क्षमताओं को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। बच्चों के बीच आकर उनकी प्रतिभा को देखना उनके लिए भावुक रहती है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि एसईसीएल प्रबंधन द्वारा सड़क निर्माण की प्रक्रिया कई माह पूर्व पूरी कर ठेकेदार को कार्य सौंप दिया गया था। इसके बावजूद मौके पर निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। निर्माण में लगातार हो रही देरी को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इसी मुद्दे को लेकर रविवार को धरना देकर प्रबंधन का ध्यान आकर्षित कराया गया। धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने भी मौके पर पहुंचकर सड़क निर्माण में हो रही देरी को लेकर नाराजगी जताई। प्रतिनिधिमंडल ने निर्माण कार्य में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए पूरे मामले की गंभीरता से जांच कराने तथा गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण सुनिश्चित करने की मांग की। प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर एसईसीएल प्रबंधन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से चर्चा की। अधिकारियों ने जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने तथा ठेकेदार को आवश्यक निर्देश दिए जाने का आश्वासन दिया।

ब्रेल शिक्षा से लेकर भोजन तक की जानकारी ली

मंत्री ने विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों की संख्या, उनके अलग-अलग जिलों से आने तथा उन्हें उपलब्ध कराई जा रही शिक्षा एवं प्रशिक्षण की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से भोजन की गुणवत्ता और व्यवस्था के संबंध में सीधे बातचीत की तथा शिक्षकों से उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी प्राप्त की। शिक्षकों ने बताया कि बच्चों को ब्रेल लिपि के माध्यम से शिक्षा दी जा रही है। मंत्री ने जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम को विद्यालय का नियमित निरीक्षण करने तथा व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए, ताकि बच्चों की जरूरतों का समय पर निराकरण हो सके।

संस्था को एक लाख रुपये की सहायता की घोषणा

विद्यालय की व्यवस्थाओं और बच्चों की प्रतिभा से प्रभावित प्रभारी मंत्री ने संस्था के संचालन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए 1 लाख की सहायता की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इन बच्चों में आगे बढ़ने की पूरी क्षमता है और सामूहिक प्रयासों से उनकी प्रतिभा को बड़े मंच तक पहुंचाया जा सकता है। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष प्रतिमा यादव, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पटवा, कलेक्टर संतन देवी जांगड़े, पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह, जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम, पूर्व संसदीय सचिव चंपादेवी पावले, एसडीएम लिंगराज सिदार, तहसीलदार श्रुति धुर्वे, जिला संगठन प्रभारी बाबूलाल अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

प्राचार्य ने बताईं संस्था की समस्याएं

विद्यालय के प्राचार्य संतोष चढ़ोकर ने संस्था के संचालन में आ रही आर्थिक कठिनाइयों तथा अन्य आवश्यकताओं से मंत्री को अवगत कराया। उन्होंने शिक्षकों के वेतन में वृद्धि और बच्चों के भरण-पोषण के लिए मिलने वाली राशि बढ़ाने का आग्रह किया। प्राचार्य ने बताया कि वर्तमान में बच्चों के भरण-पोषण के लिए 600 की राशि प्राप्त होती है, जिससे संस्था की व्यवस्थाओं के संचालन में कठिनाई आती है। मंत्री ने विद्यालय की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने शौचालय, पेयजल, बिस्तर सहित बच्चों के लिए आवश्यक अन्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही संस्था की जरूरत के अनुरूप संसाधनों और व्यवस्थाओं को मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सशक्त एमसीबी-सेवा संकल्प अभियान केवल सुविधाएं उपलब्ध कराने का अभियान नहीं, बल्कि जरूरतमंदों तक संवेदनशीलता के साथ पहुंचने और उन्हें सम्मानपूर्वक बेहतर जीवन के अवसर देने का संकल्प है। दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को पहचानना और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देना इसी सेवा भावना का महत्वपूर्ण हिस्सा है।



जर्जर सड़क को लेकर डोला तिराहे पर धरना

हरिभूमि न्यूज. बिजुरी

राजनगर क्षेत्र में डोला तिराहे से बिजुरी की ओर जाने वाली जर्जर सड़क के निर्माण में हो रही देरी को लेकर रविवार, को डोला तिराहे पर धरना-प्रदर्शन किया गया। सुबह करीब 10 बजे शुरू हुए प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में लोग सड़क पर बैठ गए, जिससे डोला तिराहे से बिजुरी मार्ग पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। प्रदर्शनकारियों ने सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर नाराजगी जताते हुए तत्काल निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों के अनुसार उक्त सड़क राजनगर और डोला क्षेत्र के अलावा करीब 10 से 15 ग्राम पंचायतों को बिजुरी रेलवे स्टेशन एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों से जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। लंबे समय से सड़क के जर्जर होने के कारण क्षेत्र के लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दौरान स्थिति और अधिक खराब होने से दुर्घटना की आशंका भी बनी

सरगुजा ओलंपिक के तहत विकासखण्ड में खेल स्पर्धाएं 5 से

अम्बिकापुर। सरगुजा ओलंपिक 2026-27 अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 5 एवं 6 अक्टूबर को अम्बिकापुर विकासखण्ड में किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 5 अक्टूबर को महिला वर्ग तथा 6 अक्टूबर को पुरुष वर्ग की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। महिला एवं पुरुष वर्ग की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन पीजी कॉलेज ग्राउंड एवं गांधी स्टेडियम, अम्बिकापुर खेल प्रांगण में किया जाएगा। वहीं पुरुष वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता सेन्ट जेवियर स्कूल, नवापारा अम्बिकापुर के खेल मैदान में आयोजित होगी। सरगुजा ओलंपिक के माध्यम से विकासखण्ड स्तर पर खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

10 लाख की लागत से बनेगा लहंगीर कोरी समाज का भवन

विधायक भईयालाल की विधायक निधि से होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



जिले के पटना क्षेत्र में लहंगीर कोरी समाज के लिए विधायक निधि से 10 लाख रुपए की लागत से सामाजिक भवन का निर्माण कराया जाएगा। भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक भइया लाल राजवाड़े सहित समाज के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सामाजिक भवन के निर्माण से लहंगीर कोरी समाज के लोगों को सामूहिक कार्यक्रमों, बैठकों, विवाह समारोहों सहित विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के आयोजन के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। विधायक भइया लाल राजवाड़े की विधायक निधि से होने वाला यह निर्माण कार्य समाज की आवश्यकताओं को देखते हुए कराया जा रहा है। भवन समाज के लोगों को आपस में जोड़ने के साथ ही सामाजिक विषयों, नए निर्णयों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा के लिए एक स्थायी केंद्र के रूप में उपयोगी होगा। इसके माध्यम से समाज के लोग विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का संचालन कर सकेंगे। भूमि पूजन के अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने भवन निर्माण को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की। समाज के लोगों ने बताया कि भवन बनने के बाद सामूहिक आयोजनों के लिए सुविधा उपलब्ध होगी और सामाजिक गतिविधियों को व्यवस्थित रूप से संचालित करने में मदद मिलेगी।

सवा चार करोड़ से अधिक की गांजा बरामदगी मामले में फरार आरोपी कटनी से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज : बिश्रामपुर



जयनगर पुलिस ने 4.24 करोड़ रुपये कीमत के गांजा बरामदगी मामले में फरार चल रहे एक अन्य आरोपी को मध्यप्रदेश के कटनी जिले से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अरसेन धुर्वे पवार (पारधी), उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम सिनगौड़ी फुटहा टोला खिरवा, थाना विजयराघवगढ़, जिला कटनी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार मामले में पूर्व में 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर 848 किलो 650 ग्राम गांजा, 478 नग झाड़ और गांजा परिवहन में प्रयुक्त नीलमे सवारी बस जब्त की जा चुकी है।

पुलिस के अनुसार 4 जून 2026 को सूचना मिली थी कि अंबिकापुर से मनेंद्रगढ़ की ओर जा रही नीलम बस क्रमांक सीजी 15 ईएच 4301 में कुछ महिला-पुरुष बोरी और कपड़े में बंधी गठरियों में गांजा रखकर ले जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने सिलफिली के पास बस को रोककर तलाशी ली, बस की सीटों और स्लीपर सीटों में रखी 53 बोरियों व कपड़े की गठरियों से कुल 848 किलो 650 ग्राम गांजा बरामद किया गया था। गठरियों के ऊपर झाड़ भी बांधकर रखे गए थे। मामले में पुलिस ने गोल झरनी, उनर बाई, रूजीना, अटरिया, अन्टबाई, पेहरी बाई और बस चालक छोटन राम को गिरफ्तार किया था। इसके बाद 24 अगस्त को कटनी निवासी जाजोन सिंह को भी गिरफ्तार किया गया,मामले में धारा 20(बी)(II)(सी) व 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी।

पुत्र की दीर्घायु के लिए माताओं ने रखा 24 घंटे का निर्जला उपवास

सीतापुर। संतान की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना के लिए रखा जाने वाला आस्था का महापर्व जीवित्पुत्रिका पर्व नगर समेत क्षेत्र में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर माताओं ने संतानों की लंबी उम्र सुख समृद्धि के लिए 24 घंटे का बेहद कठिन निर्जला व्रत रखा। पूरे दिन उपवास रखने के बाद शाम को दुर्गा पंडाल शिवालय एवं घरों में इकट्ठा होकर कुश से बने भगवान जीमूतवाहन की पूजा-अर्चना के बाद जितिया व्रत की पौराणिक कथा सुनी। इस अवसर पर कई जगहों पर महिलाओं ने लोकगीत गाकर संतान के सुखी जीवन की कामना की। तीन दिनों तक चलता है यह महापर्व शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ जितिया का यह



महापर्व शुरू हुआ था। अगले दिन शनिवार को 24 घंटे का निर्जला उपवास रखने के बाद रविवार को सुबह नहाये खाये के साथ व्रत का पारण किया जाएगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने किया विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत आज जनपद पंचायत खड़गवां परिसर में सेवा सेतु अभियान का जिला स्तरीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल रहे।

शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, सेवाओं और विभागीय सुविधाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ना रहा। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने स्वास्थ्य, राजस्व, कृषि, महिला एवं बाल विकास, विद्युत, समाज कल्याण, पंचायत सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से विभागीय योजनाओं, उपलब्ध सेवाओं और हितग्राहियों को दिए जा रहे लाभों की जानकारी ली। साथ ही स्टॉलों पर पहुंचे ग्रामीणों एवं हितग्राहियों से चर्चा कर योजनाओं का लाभ मिलने की स्थिति जानी। उन्होंने अधिकारियों को पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से पहुंचाने तथा ग्रामीणों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने हरी झंडी दिखाकर दान सामग्री के संग्रहण एवं वितरण के लिए वाहन को रवाना किया। इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से आंगनबाड़ी बच्चों को खिलौने तथा प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को कपड़े, टिफिन एवं पानी की बोतल वितरित की गई।

योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक पंजीयन एवं दस्तावेज पूरे रखने की अपील

योजनाओं की जानकारी के साथ हितग्राहियों को मिली सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

सेवा संकल्प अभियान के तहत रविवार को बैकुंठपुर जनपद पंचायत के ग्राम बचरा-पोड़ी में सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी तथा पात्र हितग्राहियों को आवश्यक सुविधाएं और सामग्री वितरित की गई।

शिविर में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव, जिला पंचायत सीईओ योगेन्द्र श्रीवास सहित जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं विभिन्न ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक पंजीयन एवं दस्तावेज पूरे रखने की अपील की। उन्होंने किसानों से एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य रूप से कराने को कहा, ताकि धान खरीदी के समय किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि जिन किसानों ने अभी तक पंजीयन नहीं कराया है, वे तहसील कार्यालय सेवा सेतु केंद्र, सीएससी से संपर्क कर जल्द पंजीयन कराएं। उन्होंने ग्रामीणों से आयुष्मान कार्ड एवं 70 वर्ष के बुजुर्गों के लिए वय वंदन कार्ड बनवाने की अपील की। समाज कल्याण विभाग की योजनाओं के तहत पात्र बुजुर्गों, विधवा एवं दिव्यांगजनों को पेंशन योजनाओं के लिए आवेदन करने की जानकारी दी गई। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को निर्माण कार्य में प्रगति लाने तथा जियो-टैगिंग के आधार पर किस्त जारी होने की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने हितग्राहियों से आवास निर्माण के लिए प्राप्त राशि का उपयोग निर्धारित उद्देश्य के लिए ही करने को कहा। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत स्व-सहायता समूहों से जुड़कर स्वरोजगार एवं आजीविका गतिविधियां बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।



स्थानीय स्तर पर मिल रही शासकीय सेवाएं

सेवा संकल्प अभियान के तहत बैकुण्ठपुर एवं सोनहत विकासखंड में आयोजित किए जा रहे सेवा सेतु शिविरों का उद्देश्य ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित जानकारी, आवेदन और समस्याओं के निराकरण की सुविधा उपलब्ध कराना है।

स्वास्थ्य जांच के साथ गोद भराई-अन्नप्राशन

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। जनसंपर्क विभाग द्वारा शासन की योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी देने वाली छत्तीसगढ़ जनमन पत्रिका का वितरण किया गया। श्रम विभाग की योजना के तहत पात्र हितग्राही को 40 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ एवं जनप्रतिनिधियों ने शिशुओं को अन्नप्राशन कराया। विभिन्न विभागों की ओर से पात्र हितग्राहियों को हितग्राहीमूलक सामग्री का वितरण भी किया गया।

